web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

Govt. Registered Social Justice Union

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, रविवार 02 जून 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 245

## महत्वपूर्ण एवं खास

### झारखंड में सरायकेला के पास नीलांचल एक्सप्रेस पर गिरा हाईटेंशन तार, कई यात्री जख्मी

**जमशेदपुर (आरएनएस)।** झारखंड के सरायकेला-खरसावां जिले में चांडिल-मुरी रेलखंड पर शनिवार सुबह नीलांचल एक्सप्रेस ट्रेन के ऊपर हाईटेंशन बिजली तार गिरने से बड़ा हादसा हुआ है। इस हादसे में बड़ी संख्या में यात्रियों के जख्मी होने की सूचना मिली है। इनमें से एक की मौत की खबर आ रही है, लेकिन आधिकारिक सूत्रों ने इसकी पुष्टि नहीं की है। रेलवे की टीम रेस्क्यू के लिए मौके पर पहुंची है। बताया गया कि हादसा सुइसा-तिरूलडीह स्टेशन के बीच हुआ। ट्रेन के ऊपर हाईटेंशन तार गिरने से एक बोगी में करंट दौड़ गई। इससे यात्रियों को तेज झटके लगे। हादसे में कई लोग जख्मी हो गए। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई। घायलों को पास स्थित बागमुंडी हॉस्पिटल भेजा गया है।

### नाशिक में स्वाइन फ्लू की लोगों में दहशत, एक ही दिन में दो लोगों की मौत

**अब तक 28 मरीज हुए प्रभावित**

**नासिक (आरएनएस)।** नाशिक में स्वाइन फ्लू के अब तक 28 मरीज सामने आएं है, इसके साथ ही दो मरीजों की मौत की जानकारी भी सामने आई है. स्वाइन फ्लू के मरीजों के बढऩे की वजह से नाशिक महानगर पालिका के हाथ पैर फुल गए  है. इससे पहले अप्रैल 2024 में मालेगांव में दो मरीजों की मौत हो चुकी थी. अब दो महीनों के बाद फिर मरीजों की मौत का मामला सामने आया है. बता दें की एच1एन1 वायरस है, यह एक प्रकार का इन्फ्लूएंजा वायरस है. यह एक तरह की सामान्य खांसी और सर्दी से इसकी शुरुवात होती है. इससे होनेवाले बीमारी को स्वाइन फ्लू कहा जाता है. स्वाइन फ्लू एक व्यक्ति से दुसरे व्यक्ति में फ़ैल सकता है. साल 2009 में पहली बार मनुष्य में इसके वायरस दिखाई दे दिए थे. अब इस बीमारी ने पूरी दुनिया में पैर फैला रखे है. डब्ल्यूएचओ ने 2010 में ही इसे महामारी घोषित किया था. यह बीमारी टीबी जैसे फैलती है, जिसके कारण कई लोग बीमार हो सकते है. इसको लेकर सावधानी बरतना बहुत जरुरी है.

### अरविंद केजरीवाल को कोर्ट से नहीं मिली राहत, फिर से जाना होगा तिहाड़ जेल

**नईदिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अपनी जमानत अवधि बढ़ाने के मामले में राहत नहीं मिली है।दिल्ली की ट्रायल कोर्ट ने उनकी जमानत अवधि बढ़ाने की याचिका पर सुनवाई 7 जून तक के लिए स्थगित कर दी है।ऐसे में अब उन्हें अंतरिम जमानत खत्म होने की अवधि पर 2 जून को फिर से तिहाड़ जेल में आत्मसमर्पण करना होगा।इसका सीधा मतलब है कि अब केजरीवाल लोकसभा चुनाव के नतीजे जेल में रहकर ही देख सकेंगे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सुनवाई के दौरान जमानत अवधि बढ़ाने कर विरोध किया है। ईडी ने विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा से कहा कि केजरीवाल ने तत्थों को दबाया है और अपने स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दों पर गलत बयान दिए हैं। ईडी ने दावा किया कि केजरीवाल अपनी स्वास्थ्य जांच कराने की जगह चुनाव प्रचार में घूम रहे हैं। उनका वजन 7 किलो कम नहीं हुआ है, जबकि 1 किलो बढ़ा है। ऐसे में जमानत बढ़ाना गलत हो सकता है। ईडी ने शराब नीति के कथित घोटाले में 21 मार्च को केजरीवाल को उनके घर से गिरफ्तार किया था।पहले 11 दिन वह ईडी की हिरासत में रहे और 1 अप्रैल को कोर्ट ने उन्हें 15 दिन की न्यायिक हिरासत में तिहाड़ भेज दिया।10 मई को जेल से बाहर आने से पहले तक 50 दिन तिहाड़ जेल में बंद रहे।उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में जमानत अवधि बढ़ाने की याचिका दायर की थी, लेकिन उसे स्वीकार नहीं किया गया था।

### खून का नमूना बदलने के मामले में नाबालिग आरोपी की मां गिरफ्तार

**पुणे (आरएनएस)।** पुणे पुलिस ने पोर्श कार से कुचलकर 19 मई को दो इंजीनियरों की मौत के केस में नाबालिग आरोपी के खून का नमूना बदलने के मामले में शनिवार को उसकी मां शिवानी विशाल अग्रवाल को गिरफ्तार किया। हाल ही में पुलिस की जांच में पता चला था कि कथित तौर पर हादसे के समय कार चला रहे नाबालिग आरोपी के खून का जो नमूना जांच के लिए ससून जेनरल हॉस्पिटल भेजा गया था उसे बदल दिया गया था। शिवानी विशाल अग्रवाल की गिरफ्तारी इसी सिलसिले में हुई है।

# समाप्त हुआ लोकसभा चुनाव का महापर्व, 4 जून को आएंगे नतीजे

**नई दिल्ली । आरएनएस**

लोकसभा चुनाव के मतदान का महापर्व शनिवार 1 जून को संपन्न हो गया। सातवें व आखिरी चरण के लिए 57 सीटों पर शनिवार को मतदान हुआ। इससे पहले लोकसभा की 486 सीटों के लिए 6 चरणों में मतदान हो चुका है। अब लोकसभा की सभी 543 सीटों पर वोटिंग हो चुकी है। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद 4 जून को वोटों की गिनती की जाएगी।

इस आखिरी दौर में स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी उम्मीदवार थे। उनके अलावा, कई केंद्रीय मंत्री व विपक्ष के बड़े नेता भी चुनावी मैदान में थे। लोकसभा की 57 सीटों के अलावा ओडिशा विधानसभा की शेष 42 सीटों के लिए भी शनिवार को ही मतदान हुआ।

लोकसभा चुनाव का प्रथम चरण 19 अप्रैल को प्रारंभ हुआ था। पहले चरण में 102 सीटों पर वोटिंग हुई। इसके बाद 26 अप्रैल को मतदान हुआ। तीसरे चरण में 7 मई को वोट डाले गए। चौथा चरण 13 मई को था। 20 मई को पांचवें चरण में मतदान हुआ। 26 मई को छठे चरण में वोट डाले गए और सातवां एवं आखिरी चरण शनिवार 1 जून को रहा। इस दौरान 57 सीटों पर मतदान हुआ।



सातवें चरण की 57 सीटों पर मतदान के लिए विभिन्न राज्यों में कुल मिलाकर 1.09 लाख मतदान केंद्रों पर वोटिंग हुई। जिन 57 सीटों पर मतदान हुआ, वहां कुल 10.06 करोड़ से अधिक मतदाता थे। चुनाव आयोग के मुताबिक, इन 10.06 करोड़ से अधिक मतदाताओं में लगभग 5.24 करोड़ पुरुष, 4.82 करोड़ महिला और 3574 थर्ड जेंडर मतदाता शामिल थे।

सातवें चरण के मतदान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से उम्मीदवार थे। हिमाचल की मंडी सीट से भाजपा ने अभिनेत्री कंगना रनौत को उम्मीदवार बनाया। मंडी सीट पर इस चुनाव में कंगना को कांग्रेस के विक्रमादित्य सिंह ने मुकाबला दिया। पश्चिम बंगाल से ममता बनर्जी के भतीजे व टीएमसी महासचिव अभिषेक बनर्जी भी अंतिम दौर में उम्मीदवार थे। पंजाब में कांग्रेस उम्मीदवार व पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी चुनाव लड़ रहे थे। यहां सभी 13 संसदीय सीटों पर आज मतदान हुआ। बिहार में भोजपुरी कलाकार पवन सिंह, ऊर्जा मंत्री आरके सिंह, पंकज चौधरी, यूपी के मिर्जापुर से अनुप्रिया पटेल, चंदौली से महेंद्रनाथ पांडेय व हिमाचल प्रदेश में हमीरपुर से अनुराग ठाकुर सातवें चरण में मैदान में थे।

इस अंतिम चरण में 8 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेश से 904 उम्मीदवार मैदान में थे। मतदान पूरा होने के बाद अब 4 जून को वोटों की गिनती होगी।

सातवें एवं आखिरी चरण में बिहार की 8 सीटों पर लोकसभा चुनाव हुआ। चंडीगढ़ की 1 सीट पर, हिमाचल प्रदेश की चारों संसदीय सीटों पर लोकसभा का चुनाव संपन्न हुआ। इसके अलावा झारखंड की 3 सीटों पर, ओडिशा की 6 सीटों पर व पंजाब की सभी सीटों पर भी मतदान हुआ। उत्तर प्रदेश की 13 और पश्चिम बंगाल की 9 सीटों पर भी अंतिम व सातवें चरण में मतदान हुआ है।

चुनाव आयोग के मुताबिक, पिछले दो चरणों में, महिला मतदाताओं का मतदान प्रतिशत पुरुष मतदाताओं से अधिक रहा।

## मतदान के बीच पश्चिम बंगाल में बवाल, तालाब में फेंकी ईवीएम, दो गुटों में संघर्ष

**कोलकाता (आरएनएस)।** देश की 18वीं लोकसभा के लिए हो रहे चुनाव में शनिवार 1 जून को अंतिम चरण का मतदान हो रहा है. इस बीच कहीं खुशी तो कहीं गम का माहौल है. दरअसल पश्चिम बंगाल में एक बार फिर हिंसक घटनाओं की खबरें सामने आ रही हैं.  सातवें चरण में पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना के कुलतली में अचानक भीड़ भडक़ उठी. गुस्साए लोग अचानक  मतदान केंद्र में घुसे और ईवीएम को उठा लिया. इसके बाद इन लोगों ने ईवीएम को ले जाकर तालाब में भी फेंक दिया.लोगों की इस हरकत की वजह से इस पोलिंग बूथ पर वोटिंग प्रभावित हो गई.  पोलिंग बूथ पर पहुंचे लोग वोटिंग का ही बहिष्कार करने लगे. गुस्साए लोगों ने वोटर वेरिफाइड पेपर ऑडिट ट्रेल से लैस ईवीएम को जबरन ले जाकर तालाब में फेंक दिया. वहीं कुछ लोगों ने ईवीएम पर पहले पानी डाला और इसके बाद इसे ले जाकर तालाब में फेंका. इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. दूसरी तरफ पश्चिम बंगाल के ही जादवपुर से भी हिंसक घटनाओं की खबरें सामने आ रही हैं.  भांगर के सतुलिया इलाके में भी तनाव बढऩे से हालात बिगड़ गए हैं. सुबह भारतीय धर्मनिरपेक्ष मोर्चा (आईएसएफ) और सीपीआई (एम) के कार्यकर्ताओं पर हमलें के भी आरोप लगे हैं. मिली जानकारी के मुताबिक इस हिंसा में आईएसएफ के कई लोग घायल हो गए हैं. बताया जा रहा है कि इलाके में देसी बम पाए जाने से स्थिति और बिगड़ गई. वहीं हिंसक घटनाओं के बाद क्षतिग्रस्त हुई ईवीएम की वजह से कुछ देर के लिए उन पोलिंग बूथ पर मतदान रोक दिया गया. हालांकि बाद में अधिकारियों ने दूसरी ईवीएम का इंतजाम किया और दोबार इन जगहों पर वोटिंग शुरू की गई.

## इंडिगो के विमान में बम होने की धमकी से मचा हडक़ंप, मुंबई में कराई आपात लैंडिंग

**मुंबई । आरएनएस**

चेन्नई से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाले इंडिगो के एक विमान में शनिवार को बम होने की धमकी से हडक़ंप मच गया।इसकी सूचना तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को दी गई और विमान की मुंबई में आपात लैंडिंग कराई गई।इसके बाद सबसे पहले सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और उसके बाद विमान को खाली क्षेत्र में ले जाकर उसकी जांच कराई जा रही है। हालांकि, अभी तक की जांच में विमान में कोई बम नहीं मिला है।

इंडिगो की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि चेन्नई से मुंबई के लिए उड़ान भरने वाले विमान 6ई 5314 के चालक दल को केबिन में डू नॉट लैंड बॉम्बे...यू लैंड बॉम्ब ब्लास्ट लिखी हुई चिट्ठी मिली थी। उसके बाद तत्काल सुरक्षा एजेंसियों को इसकी जानकारी दी गई।एजेंसियों




के निर्देश पर विमान की आपात लैंडिंग कराकर उसे आइसोलेशन-बे में ले जाया गया, जहां सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया और अब विमान की जांच जारी है। हाल ही के दिनों में किसी विमान को मिली यह तीसरी धमकी है। इससे पहले दिल्ली से बनारस जाने वाली उड़ान को भी इसी तरह की धमकी मिली थी। हालांकि, जांच में वह झूठी धमकी निकली।इसी तरह दिल्ली से श्रीनगर जाने वाली उड़ान में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया था।अब चेन्नई से मुंबई जाने वाली इस उड़ान में इस तरीके की धमकी मिली है। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां मामले की छानबीन में जुट गई है।

## सलमान खान को एके-47 से छलनी करने की साजिश नाकाम

**❑ लॉरेंस बिश्नोई गैंग के 4 शूटर गिरफ्तार**

**मुंबई । आरएनएस**

नवी मुंबई पुलिस ने बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की एक और साजिश का खुलासा किया है. लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने कथित तौर पर पाकिस्तानी हथियार सप्लायर से प्राप्त हथियारों से लैस, महाराष्ट्र के पनवेल में सलमान खान की कार पर हमला करने की साजिश रची थी. मामले में नवी मुंबई पुलिस ने स्नढ्ढक्र दर्ज कर इस साजिश से जुड़े चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है. बता दें कि, इससे पहले 14 अप्रैल को सलमान के  मुंबई के बांद्रा में वाले फ्लैट के बाहर दो बाइक सवार लोगों ने गोलीबारी की थी.



पुलिस सूत्रों के अनुसार, जेल में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने अपने कनाडा स्थित चचेरे भाई अनमोल बिश्नोई और सहयोगी गोल्डी बरार के साथ कथित तौर पर एक पाकिस्तानी हथियार डीलर से एके-47, एम-16 और अन्य हाई कैलिबर हथियारों के साथ सलमान खान के वाहन पर घात लगाकर हमला करने या उनके फार्महाउस पर हमला करने की प्लानिंग तैयार की थी.

गौरतलब है कि, सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के बाद, पुलिस ने चार संदिग्धों को गिरफ्तार किया था, जिसमें विक्की गुप्ता और सागर पाल को गुजरात में पकड़ा गया, जबकि अनुज थापन और एक अन्य व्यक्ति को 26 अप्रैल को पंजाब में हिरासत में लिया गया था. इस गोलीबारी में कुल मिलाकर, छह गिरफ्तारियां की गई हैं, हालांकि अनुज थापन की पुलिस हिरासत में मौत हो गई.

वहीं दूसरी ओर पुलिस हिरासत में थापन की मौत ने मामले में कई सवाल खड़े कर दिए हैं. बॉम्बे हाई कोर्ट ने पेश की गई अधूरी ऑटोप्सी रिपोर्ट पर निराशा साधते हुए कहा कि, इसमें महत्वपूर्ण विवरण का अभाव है, जैसे कि थापन की गर्दन पर पाए गए  संयुक्ताक्षर चिह्न का आरेख और किसी अन्य संभावित चोटों की जानकारी.

थापन की मां रीता देवी ने 3 मई को एक याचिका दायर की, जिसमें आरोप लगाया गया कि उनके बेटे पर पुलिस हिरासत में शारीरिक हमला किया गया और प्रताड़ित किया गया, जिससे 1 मई को  मुंबई अपराध शाखा लॉक-अप में उसकी मौत हो गई. जबकि पुलिस का कहना है कि थापन की मौत आत्महत्या से हुई, सुश्री देवी की याचिका में घटना की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच की मांग की गई है.

## नोएडा में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी, शेयर बाजार में निवेश के नाम पर साफ किए 9 करोड़ रुपए

**नोएडा । आरएनएस**

शेयर बाजार में निवेश करने पर करोड़ों का मुनाफा होने की बात कहकर साइबर जालसाजों ने नोएडा के एक व्यक्ति से 9 करोड़ 9 लाख रुपए की ठगी कर ली। ऐप डाउनलोड कराकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया। ठगी की जानकारी होने के बाद पीड़ित ने मामले की शिकायत साइबर क्राइम थाने में की है।

कुल 13 बार में ठगों ने पीड़ित से रकम ट्रांसफर कराई। किसी एक व्यक्ति के साथ शेयर ट्रेडिंग में यह शहर में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी बताई जा रही है।

ठगी रजत बोथरा नाम के व्यक्ति के साथ हुई है, जो नोएडा के सेक्टर- 40 में रहते हैं। साइबर थाने में यह मामला दर्ज हो



चुका है और पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

साइबर ठगी से पीड़ित रजत बोथरा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि 28 अप्रैल को उन्हें एक व्हाट्सएप ग्रुप में ऐड किया गया। उस ग्रुप में शेयर ट्रेडिंग के मुनाफे के बारे में बताया जाता था और एक लिंक भेजा गया, जिस पर क्लिक करने और कई स्टेप्स फॉलो करने के बाद उनके मोबाइल में एक ऐप डाउनलोड हो गया। ऐप का नाम जीएफएसएल सिक्योरिटीज ऑफिशियल स्टॉक सी 80 था।

ऐप में शेयर मार्केट में होने वाले मुनाफे के बारे में बताया गया था, जिसके बाद राजीव बोथरा ने अपने खाते से 9.09 करोड़ ट्रांसफर कर दिये। राजीव ने ये रकम कुल तेरह बार में ट्रांसफर की।

ट्रांसफर के दौरान राजीव ने कई बार बीच में ही पैसे को विथड्रॉ करने की कोशिश की, लेकिन पैसा नहीं निकल पाया। जिस ऐप के जरिए राजीव ने ये इन्वेस्टमेंट की वो एप्लीकेशन पैसे निकालने की अनुमति नहीं दे रहा था। इसके बाद राजीव को शक हुआ। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

राजीव ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि उन्हें जब शक हुआ कि उनको साइबर ठगों द्वारा फर्जी वेबसाइट लिंक और एप्लीकेशन तैयार कर शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर ठग लिया गया है, तो उन्होंने पैसे विथड्रॉ करने की कोशिश की, लेकिन एप्लीकेशन ने परमिशन नहीं दी।

राजीव ने 29 मई को एनसीआरपी पोर्टल पर घटना की शिकायत भी दर्ज करा दी। इसके बाद पुलिस ने देखा कि यह मामला काफी बड़ा है तो उन्हें बुलाकर एफआईआर दर्ज की गई।

फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है और कोशिश की जा रही है कि उन सभी बैंक अकाउंट को फ्रीज किया जाए जिसमें यह पैसा ट्रांसफर हुआ है।

## नोएडा की एक बिल्डिंग में लगी भीषण आग, कैंपस में खड़ी कार जलकर राख

**नोएडा । आरएनएस**

नोएडा में गर्मी के बीच आग का तांडव जारी है. शनिवार को सेक्टर-63 में एक बिल्डिंग में भीषण आग लग गई. सेक्टर-63 के एच ब्लॉक में लगी इस बिल्डिंग में आग की चपेट में आकर एक गाड़ी भी जलकर राख हो गई है. फायर ब्रिगेड की करीब आधा दर्जन गाडिय़ां आग पर काबू पाने में जुटी हुई हैं. एक तरफ गर्मी का पारा बढ़ रहा है और दूसरी तरफ आग लगने की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है.

कड़ी मशक्कत के बाद आग पर लगभग काबू पा लिया गया है. नोएडा के सेक्टर 63 के एच ब्लॉक में बिल्डिंग मौजूद है, जहां पर आग लगी है. फिलहाल बिल्डिंग में क्या काम होता है, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है. आग लगने के कारणों का भी पता नहीं चला है. पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम आग पर काबू पाने के बाद घटना के कारणों की जांच करेगी.

गौरतलब है कि बीते 24 घंटे में नोएडा में आग लगने की करीब आधा दर्जन घटनाएं सामने आई हैं, ज्यादातर घटनाएं एसी के तार में हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से हुई हैं. गनीमत रही है कि आग लगने की किसी भी घटना में अभी तक कोई भी जनहानि की सूचना नहीं मिली है.

फायर ब्रिगेड की टीम 24 घंटा अलर्ट मोड पर है. जैसे ही आग लगने की सूचना मिल रही है, गाडिय़ां मौके पर रवाना हो रही हैं. ज्यादा ऊंची बिल्डिंग में आग लगने पर फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां अपने साथ बड़ी लैडर वाली गाडिय़ों को लेकर भी मौके पर पहुंच रही हैं.

## विवेकानंद रॉक मेमोरियल में मोदी की साधना पूरी, कन्याकुमारी में 45 घंटों तक ध्यान में बैठे रहे प्रधानमंत्री

**नईदिल्ली । आरएनएस**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 45 घंटे की ध्यान साधना पूरी हो गई है. साधना पूरी करने के बाद पीएम मोदी विवेकानंदर रॉक मेमोरियल से लौट रहे हैं. विवेकानंदर रॉक मेमोरियल पर पर चप्पे चप्पे पर पर से सुरक्षा बल तैनात हैं. बता दें कि लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण का चुनाव प्रचार खत्म करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सीधे तमिलनाडु के कन्याकुमारी स्थित विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे थे. जहां उन्होंने गुरुवार शाम को 45 घंटे लंबी ध्यान साधना शुरू की थी.

आज यानी शनिवार को पीएम मोदी की ध्यान साधन का आखिरी दिन था. अब पीएम की ध्यान साधना पूरी हो चुकी है और अब वह दिल्ली वापस लौट रहे हैं. पीएम मोदी की सुरक्षा में विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर जेड प्लस सुरक्षा लगाई है. बता दें कि विवेकानंदर रॉक मेमोरियल भारत के सबसे दक्षिणी छोर यानी कन्याकुमारी के पास स्थित है. इसी स्थान पर देश की पूर्वी और पश्चिमी तट रेखाएं मिलती हैं. ये स्थान हिंद महासागर, बंगाल की खाड़ी और अरब सागर का मिलन बिंदु भी है.

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्वामी विवेकानंद से काफी प्रभावित हैं. यही वजह है कि लोकसभा चुनाव में 70 दिनों तक प्रचार करने के बाद पीएम मोदी गुरुवार को सीधे कन्याकुमारी पहुंचे थे. यही वह ऐतिहासिक स्थान है जहां विवेकानंद को जिंदगी का असली मकसद पता चला था. गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण के लिए गुरुवार को पंजाब में प्रचार किया था.

बता दें कि प्रचार खत्म करने के बाद पीएम मोदी तिरुवनंतपुरम पहुंचे और उसके बाद वहां हेलिकॉप्टर से कन्याकुमारी पहुंचे. पीएम मोदी का हेलीकॉप्टर विवेकानंद मंडपम के ठीक सामने 300 मीटर दूर लैंड किया था. इसके बाद पीएम मोदी ने कन्याकुमारी के भगवती अम्मान मंदिर में पूजा की. जहां से वह विवेकानंद रॉक मेमोरियल पहुंचे और उसके बाद शाम करीब पौने सात बजे ध्यान साधना में चले गए.

## बिजली की उच्च मांग को देखते हुए ऊर्जा संयंत्रों के पास पर्याप्त कोयला मौजूद : केंद्र सरकार

**नई दिल्ली । आरएनएस**

भीषण गर्मी के बीच बिजली की बढ़ती हुई मांग को पूरा करने के लिए ताप विद्युत ऊर्जा संयंत्रों के पास 19 दिन तक उत्पादन जारी रखने लायक कोयला मौजूद है। कोयला मंत्रालय ने शनिवार को ये जानकारी दी।

हीट वेव के चलते पूरे उत्तर भारत में भीषण गर्मी पड़ रही है, जिसके कारण भारत में ऊर्जा की मांग अब तक के उच्चतम स्तर 250 गीगावाट पर पहुंच गई है।

ऐसे में बिजली की मांग को पूरा करने के लिए सरकार



ऊर्जा संयंत्रों को निर्बाध कोयला आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। इसके कारण बिजली उत्पादन के लिए पर्याप्त कोयला ऊर्जा संयंत्रों के पास मौजूद है।

मंत्रालय ने कहा कि ताप विद्युत ऊर्जा संयंत्रों के पास 45 मीट्रिक टन से ज्यादा का कोयले का भंडार मौजूद है, जो कि पिछले साल की तुलना में 30 प्रतिशत ज्यादा है। इस कोयले की मदद से आसानी से 19 दिनों बिजली की मांग को पूरा किया जा सकता है।

मई के महीने में ताप विद्युत ऊर्जा संयंत्रों में करीब 10,000 टन प्रति दिन की कोयले की खपत है।

कोयले के उत्पादन में सालाना आधार पर 8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। खदानों में 100 मीट्रिक टन से ज्यादा का स्टॉक पड़ा हुआ है। इसके कारण ऊर्जा के उत्पादन के लिए पर्याप्त कोयला उपलब्ध है।

रेल मंत्रालय की ओर से भी रेलवे रेक्स की प्रतिदिन उपलब्धता में 9 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित की गई है।

मंत्रालय ने कहा, पहले के समय में कोयला का परिवहन केवल पारादीप पोर्ट से ही किया जाता था, लेकिन सरकार की कोल लॉजिस्टिक्स पॉलिसी के तहत अब धामरा और गंगावरण पोर्ट पर भी कोयला आ रहा है।

मंत्रालय ने आगे बताया कि मानसून सीजन को देखते हुए भी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और 42 मीट्रिक टन से ज्यादा कोयला भंडारण में रखा जाएगा।